CAREERS360

# BIHAR BOARD 12th HINDI

## Model Paper 2020

QUESTION PAPER SAMPLE PAPER MODEL PAPER MODEL QUESTIIONS ANSWER KEY ANSWER CODES SOLUTIONS RESPONSE SHEET TESTING PATTERN NEGATIVE MARKING MARKING SCHEME EXAM PATTERN PAPER PATTERN MODEL TEST PAPERS MODEL TEST QUESTIONS ANSWER KEY WITH SOLUTIONS SOLVED PAPERS SOLVED QUESTIONS QUESTION PAPER SAMPLE PAPER MODEL PAPER MODEL QUESTIIONS ANSWER KEY ANSWER CODES SOLUTIONS RESPONSE SHEET MOCK TEST EXAMINATION QUESTIONS TEST PAPERS SOLUTION PAPER SOLUTION SHEET TESTING PATTERN NEGATIVE MARKING MARKING SCHEME EXAM PATTERN PAPER PATTERN MODEL TEST PAPERS MODEL TEST QUESTIONS ANSWER KEY WITH

**INTERMEDIATE EXAMINATION – 2020 (ANNUAL)**

**HINDI (Model Set)**

**306**

**Time : 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**समय : 03 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**(हिन्दी)**

**<u>I.A. – LL-HINDI (OPT)</u>**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न–पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में 60 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।(प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है) इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर दिया जाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी द्वारा 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाने की स्थिति में कम्प्यूटर द्वारा प्रथम 50 प्रश्नों का मूल्यांकन किया जाएगा। वस्तुनिष्ट प्रश्नों के उत्तर दिये जाने हेतु उपलबध कराये गये OMR–उत्तर पत्रक में दिये गए सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्राइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
6. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का प्रयोग वर्जित है।

# खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्नित करें।

***बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर दें :–***

1. 'सदैव' शब्द का संधि–विच्छेद है–

   (A) स+दैव (B) सद्+एव

   (C) सदै+व (D) सदा+एव

2. 'स्वर्ग–प्राप्त' कौन समास है ?

   (A) बहुब्रीहि (B) द्विगु

   (C) तत्पुरूष (D) द्वन्द्व

3. 'कड़बक' के रचयिता है–

   (A) तुलसीदास (B) सूरदास

   (C) कबीरदास (D) जायसी

4. जायसी रचित 'पद्मावत' की भाषा क्या है?

   (A) मैथिली (B) अवधी

   (C) ब्रजभाषा (D) खड़ी बोली

5. 'परमौषध' शब्द का संधि–विच्छेद है–

   (A) पर+मौषध (B) परम+उषध

   (C) परम+औषध (D) परमौष+ध

6. 'धन' शब्द का लिंग निर्णय है –

(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग

(C) उभय लिंग (D) इनमें से कोई नहीं

7. 'अनचाहा' शब्द में उपसर्ग है–

(A) अन् (B) अन

(C) अप (D) अ

8. 'उद्गम' शब्द का संधि–विच्छेद

(A) उद्+गम (B) उत्+गम

(C) उत+अगम् (D) उत्+आगम

9. 'कनियाँ' का क्या अर्थ है?

(A) बेटी (B) सेविका

(C) दुल्हन (D) गोद

10. नाभादास किस काल के कवि थे?

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल (D) वीरगाथा काल

11. सूरदास के गुरू का क्या नाम है?

(A) विट्ठलनाथ (B) नरहरिदास

(C) वल्लभाचार्य (D) अग्रदास

12. 'शिवा–बावनी' में किसकी वीरता का वर्णन है?

(A) रसखान की (B) महाराणा प्रताप की

(C) शिवाजी की (D) महाराजा जयसिंह की

13. 'पंडिताई' शब्द है–

(A) जातिवाचक संज्ञा (B) भाववाचक संज्ञा

(C) समूहवाचक संज्ञा (D) द्रव्यवाचक संज्ञा

14. 'मिठास' शब्द में प्रत्यय है?

(A) ठास (B) ठस

(C) आस (D) स

15. 'व्यापार' शब्द का विशेषण होगा–

(A) व्यापारी (B) व्यवसाय

(C) व्यापारिक (D) इनमें से कोई नहीं

16. सुभद्रा कुमारी चौहान की लिखी कविता कौन है ?

(A) उषा (B) गाँव का घर

(C) पुत्र–वियोग (D) प्यारे नन्हें बेटे को

17. 'जन–जन का चेहरा एक' के रचनाकार हैं–

(A) गजानन माधव मुक्ति बोध (B) ज्ञानेन्द्रपति

(C) रघुवीर सहाय (D) अशोक बाजपेयी

18. ज्ञानेन्द्रपति का जन्म किस प्रांत में हुआ था?

(A) मध्यप्रदेश (B) राजस्थान

(C) बिहार (D) झारखण्ड

19. 'लोक' का विशेषण है–

(A) लोको (B) लोकिक

(C) लौकिक (D) लोका

20. 'समास' शब्द का अर्थ है–

(A) विस्तार (B) वर्णन

(C) संक्षेप (D) पल्लवन

21. 'लड़कपन' शब्द में प्रत्यय है–

(A) अन् (B) अन

(C) पन (D) पन्

22. 'हिमालय' शब्द का संधि–विच्छेद लिखें–

(A) हिम+आलय (B) हिमाल+य

(C) हिमा+लय (D) हि+मालय

23. 'जूठन' आत्मकथा में स्कूल के प्रधानाध्यापक का क्या नाम था?

(A) बली राम (B) छली राम

(C) कलीराम (D) धनी राम

24. जायसी ने अपनी एक आंख की तुलना किससे की है?

(A) कमल से (B) सरोवर से

(C) झील से (D) दर्पण से

25. 'शिक्षा' शीर्षक पाठ के रचयिता हैं–

(A) जगदीशचंद्र माथुर (B) मोहन राकेश

(C) जे0 कृष्णमूर्ति (D) मलयज

26. 'जूठन' किस चेतना की रचना है?

(A) धार्मिक चेतना की (B) सांस्कृतिक चेतना की

(C) दलित चेतना की (D) राजनीतिक चेतना की

27. 'यथार्थ' शब्द कौन समास है?

(A) अत्ययीभाव (B) द्वन्द्व

(C) कर्मधारय (D) बहुब्रीहि

28. 'बातचीत' शीर्षक निबंध किस विधा की रचना है?

(A) निबंध (B) आलोचना

(C) रेखा–चित्र (D) शब्द–चित्र

29. 'कुड़माई' का क्या अर्थ होता है?

(A) विवाह (B) मंगनी

(C) तिलक (D) गौना

30. किसे 'लोकनायक' के नाम से जाना जाता है?

(A) बालगंगाधर तिलक (B) लाल बहादुर शास्त्री

(C) महात्मा गांधी (D) जयप्रकाश नारायण

31. 'जिसकी ग्रीवा सुंदर हो' का एक शब्द होगा–

(A) सुन्दर (B) सुग्रीवा

(C) सुग्रीव (D) सुधड़

32. 'अदरक' शब्द का लिंग निर्णय करें–

(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

33. उत्पति की दृष्टि से शब्द के कितने भेद हैं?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

34. मालती का पति पेशे से क्या है?

(A) शिक्षक (B) डॉक्टर

(C) वकील (D) नेता

35. प्रेमचंद क्या थे?

(A) एक फिल्मकार (B) एक गीतकार

(C) एक संगीतकार (D) एक कथाकार

36. 'त्रिभुवन' शब्द कौन समास है?

(A) द्वन्द्व (B) द्विगु

C तत्पुरूष (D) कर्मधारय

37. 'जल' का पर्यायवाची होगा–

(A) कर (B) अब्ज

(C) सारंग (D) नीर

38. 'पक्षी' शब्द का पर्यायवाची है–

(A) खग (B) क्षख

(C) मीन (D) मरूत्

39. 'पुत्र' शब्द का पर्यायवाची है–

(A) सुता (B) तनय

(C) तनया (D) दुहिता

40. 'गीला' शब्द का विलोम होगा–

(A) नरम (B) कड़ा

(C) सूखा (D) भींगा

41. 'घात' का विपरीतार्थक शब्द है–

(A) अघात (B) सघात

(C) प्रतिघात (D) विघात

42. 'गुच्छा' शब्द संज्ञा है–

(A) भाववाचक (B) समूहवाचक

(C) जातिवाचक (D) व्यक्तिवाचक

43. 'जिसके' दो पद हैं' का एक शब्द है–

(A) द्विपद (B) त्रिपद

(C) चतुष्पद (D) द्रुपद

44. 'अन्न लगना' मुहावरे का अर्थ है–

(A) अनाज मिलना (B) स्वस्थ रहना

(C) अनाज खाना (D) भूख मिटना

45. 'गुप्त' शब्द का विलोम होगा–

(A) प्रकट (B) प्रस्तुत

(C) व्यक्त (D) लुप्त

46. 'जिसके पाणि में वीणा है' का एक शब्द है–

(A) वज्रपाणि (B) चक्रपाणि

(C) वीणापाणि (D) वक्रपाणि

47. 'महोत्सव' शब्द का संधि–विच्छेद है–

(A) महा+उत्सव (B) महोत्+सव

(C) म+होत्सव (D) महो+त्सव

48. ‘दो दिन का मेहमान’ मुहावरे का अर्थ है–

(A) जल्द भागने वाला (B) जल्द मरनेवाला

(C) गायब होने वाला (D) दो दिन रहने वाला

49. ‘कांटा’ शब्द का विशेषण होगा–

(A) काल (B) कँटीला

(C) कांटे (D) नुकीला

50. ‘ईंट का जवाब पत्थर से देना’ मुहावरे का अर्थ है–

(A) किसी की दुष्टता का करारा जवाब देना (B) पीठना

(C) ईट चलाना (D) झगड़ा करना

51. ‘ग्राम’ शब्द का विशेषण है–

(A) गँवार (B) ग्रामीण

(C) गँवारू (D) गँवई

52. ‘अभियोजन’ शब्द में कौन उपसर्ग है?

(A) अ (B) अभि

(C) अभियो (D) अभी

53. ‘आंशिक’ शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) अ (B) शिक

(C) इक (D) क

54. तुलसीदास के शिक्षा गुरू कौन थे?

(A) नरहरिदास (B) शेष सनातन

(C) मधुसूदन सरस्वती (D) रविदास

55. 'भूषण' ने किस रस को प्रमुखता दी है?

(A) वीर रस (B) रौद्र रस

(C) करूण रस (D) श्रृंगार रस

56. 'सरोज' स्मृति किसकी रचना है?

(A) महादेवी वर्मा (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला (D) सुभद्रा कुमारी चौहान

57. 'रोज' कहानी की नायिका है–

(A) मधुमिता (B) मालिनी

(C) मीरा (D) मालती

58. 'विधार्थी और राजनीति' निबंध किसका लिखा हुआ है ?

(A) भगत सिंह (B) बालकृष्ण भट्ट

(C) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी (D) जयप्रकाश नारायण

59. 'सुरक्षा' कहां हो सकती है?

(A) घर के बाहर (B) चुनौती को झेलने में

(C) मैदान में (D) घर के भीतर

60. 'सलाम' कहानी संग्रह के कहानीकार हैं–

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि (B) नामवर सिंह

(C) भगत सिंह (D) रामधारी सिंह दिनकर

## खण्ड – ब

## (विषयनिष्ठ प्रश्न)

***इस खण्ड में कुल 6 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समझ अंक निर्दिष्ट हैं।***

***विषयनिष्ठ प्रश्न कुल 50 (पच्चास) अंकों का होगा।***

1. निम्नलिखित में से किन्ही एक पर निबंध लिखें– 1 X 8 =8

क. बाल–विवाह

ख. दुर्गा–पूजा

ग. समय का महत्व

घ. मेरा प्रिय खेल

ड़. दहेज–प्रथा

च. वर्षा ऋतु

2. किन्हीं दो अवतरणोंकी सप्रसंग व्याख्या करें : 2 X 4 = 8

(क). और अब घर जाओ तो कह देना कि मुझे जो उसने कहा था

वह मैंने कर दिया''

(ख). प्रत्येक पत्नी अपने पति को बहुत कुछ उसी दृष्टि से देखती है जिस दृष्टि

से लता अपने वृक्ष को देखती है।''

(ग). यह लगता एक बार यदि

पल भर को उसको पा जाती

जी से लगा प्यार से सर

सहला–सहला उसे समझाती।

(घ). एक नैन कवि मुहमद गुनी।

सो बिमोहा जेइ कबि सुनी।

चाँद जइस जग बिधि औतारा।

दीन्ह कलंक कीन्ह उजिआरा।

3. सात दिनों के अवकाश हेतु अपने प्रधानाचार्य को एक आवेदन पत्र लिखें।

1 X 5 = 5

अथवा

अपने पिताजी को एक पत्र लिखें, जिसमें बड़ी बहन की शादी के लिए होने वाली तैयारी के बारे में जिक्र करें।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें। 2 X 5 = 10

(i). बिशनी मानक को लड़ाई में क्यों भेजती है?

(ii). बापू और नेहरू की किस विषेशता का उल्लेख जे0 पी0 ने अपने भाषण में किया है?

(iii). जयप्रकाश नारायण कम्युनिस्ट पार्टी में क्यों नहीं शामिल हुए?

(iv). जिसे भी पुरूष अपना कार्य क्षेत्र मानता है, वह नारी का भी कार्यक्षेत्र है, कैसे?

(v). आर्ट ऑफ कनवरशेसन क्या है?

(vi). नाभादास के छप्पय में कबीर की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

(vii). शिवाजी की तुलना भूषण ने किन–किन से की है?

(viii). 'राख से लीपा हुआ चौका' के द्वारा कवि ने क्या कहना चाहा है?

(ix). 'दानव दुरात्मा' से क्या अभिप्राय है?

(x). हरचरना कौन है? उसकी क्या पहचान है?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दें : 3 X 5 =15

(i). 'ओ सदानीरा' शीर्षक निबंध का सारांश लिखिए।

(ii). आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के काव्य–आदर्श क्या थे? पाठ के आधार पर स्पष्ट करें।

(iii). माँ है, पर उसमें किसी भी सिपाही की माँ को ढूँढा जा सकता है, कैसे?

(iv). जन–जन का चेहरा एक कविता की पंक्तियों का अर्थ स्पष्ट करें।

(v). सुभद्रा कुमारी चौहान की काव्यभाषा पर टिप्पणी लिखें।

(vi). 'तुमुल कोलाहल कलह में' शीर्षक कविता में स्त्री को प्रेम और सौंदर्य का स्रोत बताया गया है। आप अपने पारिवारिक जीवन के आधार पर

इस कथन की समीक्षा कीजिए।

6. क. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्ही एक का संक्षेपण कीजिए–

1 X 4 = 4

युवा वर्ग का मस्तिष्क नई–नई बातों की ओर तेज दौड़ता है। उसमें अन्य वर्ग के व्यक्तियों से अधिक आवेश और शक्ति होती है। इस अवस्था में यदि सही शिक्षा और उचित मार्गदर्शन न मिले तो यही शक्ति और प्रेरणा निर्माण के स्थान पर विनाश की ओर ले जाती है। बिगड़ने और बनने की भी आयु यही होती है। दुर्भाग्य से हमारे देश में शिक्षा–पद्वति केवल उपाधि बांटने का काम ही करती है, एक सर्म्पूण व्यक्तित्व वाला मनुष्य बनाना आज की शिक्षा पद्वति के लिए मुश्किल है।

ख. अंग्रेजी पढ़ना खराब बात नहीं है, पर अंग्रेजी पढ़कर अंग्रेज हो जाना खराब है। अंग्रेजी पढ़कर अपने देश को, अपनी भाषा को, अपनी संस्कृति को भूल जाना खराब है। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि आज के अधिकतर अंग्रेजी पढ़े–लिखे सज्जन अपने देश की प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखते हैं, उसकी आलोचना करते हैं और उसे अपनाने में अपनी मानहानि समझते हैं। पर्व को ही लीजिए। पढ़े–लिखे लोग कहते हैं कि औरतों का ढोंग है। यह पंडित की पोंगा पंथी है। वे पर्व को बेकार मानते हैं कहते हैं कि ये पर्व फिजूलखर्ची के साधन हैं। इनसे जीवन–विकास की गति अवरूद्ध होती है।